भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3527

दिनांक 03.04.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

बिहार में पेयजल का आर्सेनिक और विषैले रसायनों से संदूषित होना

†3527. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार के एक बड़े भाग में भूजल पीने लायक नहीं है क्योंकि जांच के दौरान इसमें आर्सेनिक तथा अन्य घातक रसायन पाए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने हेतु राज्य सरकार को क्या सहायता प्रदान कर रही है; और

(ग) क्या सरकार गंगा के समीपस्थ जिलों/शहरों के भूजल का अध्ययन कराके उसमें विद्यमान विषाक्त रसायनों को साफ करा कर पीने योग्य बनाने हेतु किसी योजना पर विचार करेगी?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) दिनांक 30 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार बिहार में भू पेयजल स्रोतों में रासायनिक संदूषणों से प्रभावित बसावटों की संख्या **अनुलग्नक** पर दी गई है।

(ख) वर्ष 2016-17 के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत भारत सरकार ने बिहार सरकार को 291.33 करोड रुपए की राशि जारी की है। राज्य, उन्हें आबंटित एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों का 67% तक आर्सेनिक तथा फ्लोराइड प्रभावित बसावटों को प्राथमिकता देते हुए जल गुणवत्ता प्रभावित बसावटों में स्वच्छ पेयजल के प्रावधान के लिए उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बिहार सरकार को ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता परियोजना-कम आय वाले राज्य (आरडब्ल्यूएसएसपी-एलआईएस) के अंतर्गत 82.48 करोड़ रुपए की राशि भी उपलब्ध कराई गई है।

बिहार सरकार से कहा गया है कि जल गुणवत्ता प्रभावित बसावटों में सुरक्षित तथा बारहमासी सतही जल स्रोतों से नल जल आपूर्ति उपलब्ध कराने पर बल दें। तत्काल उपाय के रूप में, राज्य को मार्च, 2016 में 100% भारत सरकार के अनुदान के रूप में, नीति आयोग की सिफारिश पर 22.83 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि सामुदायिक जल शुद्धिकरण संयंत्रों के माध्यम से अल्पकालिक उपाय के रूप में, आर्सेनिक तथा फ्लोराइड प्रभावित बसावटों में पीने तथा खाना पकाने के लिए 8-10 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। केंद्र तथा राज्य के बीच 50:50 की भागीदारी में और पूर्वोत्तर तथा हिमालयी राज्यों में उनके मध्य 90:10 की भागीदारी में मुख्यत: सतही जल आधारित नल जलापूर्ति स्कीमों द्वारा केवल आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रभावित आबादी के लिए केन्द्रित वित्तपोषण के लिए मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल गुणवत्ता उप-मिशन तैयार किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2016-17 के दौरान 20 .97 करोड़ रुपए 48 चालू स्कीमों के लिए जारी किए गए हैं।

(ग) गंगा तट पर स्थित जिलों/शहरों में आर्सेनिक संदूषण की संभावना अधिक है। अतः सभी जिलों तथा उप-जिला प्रयोगशालाओं में नियमित रुप से पेयजल गुणवत्ता की जांच की जाती है ताकि आर्सेनिक संदूषण के विस्तार तक पहुंचा जा सके।

******

दिनांक 03/04/2017 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3527 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 30 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय की आईएमआईएस पर राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार बिहार के भू-पेयजल स्रोतों में रासायनिक संदूषणों से प्रभावित बसावटों की संख्या

क्र.सं.	जिला का नाम	संदूषण-वार बसावटों की संख्या						
		कुल बसावटें	फ्लोराइड बसावटें	आर्सेनिक बसावटें	लौह बसावटें	लवणता बसावटें	नाइट्रेट बसावटें	भारी धातु बसावटें
1	अरारिया	493	4	0	489	0	0	0
2	अरवाल	0	0	0	0	0	0	0
3	औरंगाबाद	17	17	0	0	0	0	0
4	बांका	249	249	0	0	0	0	0
5	बेगुसराय	361	0	164	197	0	0	0
6	भागलपुर	151	2	149	0	0	0	0
7	भोजपुर	50	0	50	0	0	0	0
8	बक्सर	73	0	71	2	0	0	0
9	दरभंगा	42	0	39	3	0	0	0
10	गया	111	109	2	0	0	0	0
11	गोपालगंज	99	0	0	94	1	4	0
12	जामुई	51	51	0	0	0	0	0
13	जेहानाबाद	0	0	0	0	0	0	0
14	काईमुर (भाबुआ)	58	58	0	0	0	0	0
15	कटिहार	163	0	8	155	0	0	0
16	खगारिया	162	0	45	117	0	0	0
17	किसनगंज	245	0	0	245	0	0	0
18	लखीसराय	51	0	51	0	0	0	0
19	माधेपुरा	0	0	0	0	0	0	0
20	मधुबानी	0	0	0	0	0	0	0
21	मुंगेर	79	0	79	0	0	0	0
22	मुजफ्फरनगर	0	0	0	0	0	0	0
23	नलंदा	128	128	0	0	0	0	0
24	नवादा	97	96	1	0	0	0	0
25	पश्चिम चम्पारन	1	0	1	0	0	0	0
26	पटना	3	0	3	0	0	0	0
27	पूर्ब चम्पारन	0	0	0	0	0	0	0
28	पुर्णिया	269	0	0	269	0	0	0
29	रोहतास	127	127	0	0	0	0	0
30	शहरसा	658	0	0	658	0	0	0
31	समस्तीपुर	181	0	181	0	0	0	0
32	सारन	20	0	20	0	0	0	0
33	शेखपुरा	115	115	0	0	0	0	0
34	शियोहर	0	0	0	0	0	0	0
35	सीमामढ़ी	8	0	8	0	0	0	0
36	शिवान	0	0	0	0	0	0	0
37	सुपौल	106	0	0	106	0	0	0
38	वैशाली	193	0	193	0	0	0	0
कुल		**4361**	**956**	**1065**	**2335**	**1**	**4**	**0**